नृत्य एवं नाटक विभाग

ग्रीष्मकालीन सत्र रिपोर्ट

दिनांक – 7 मई से 5 जून 2021

नृत्य मानवीय अभिव्यक्तियों का एक रस में प्रदर्शन है । जिसका जन्म मानव जीवन के साथ हुआ है । जब हम नाच रहे होते हैं तब हम खुद को व्यक्त करते हैं ।

नृत्य मजेदार और व्यायाम के सर्वोत्तम रूपों में से एक है ।स्वस्थ रहना है तो रोज करें नृत्य ।

इसी बात को समझते हुए हमारे विद्यालय के बच्चों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में covid 19 के चलते जब लॉक डाउन के दौरान बच्चे कहीं बाहर आ जा नहीं सकते तो ऐसे में महावीर सीनियर मॉडल स्कूल के नृत्य एवं नाटक विभाग ने ज़ूम कक्षा के माध्यम से बच्चों की नृत्य एवं नाटक की गतिविधियों को जारी रखा ।

'नृत्य' की कार्यशाला में बच्चों को भारतीय लोक नृत्यो, पॉम - पॉम नृत्य ,फिल्मी नृत्य आदि से अवगत करवाया । बच्चों के साथ - साथ बच्चों के अभिभावकों ने भी ज़ूम पर आयोजित नृत्य कला का भरपूर आनंद उठाया। नृत्य के माध्यम से बच्चे और अभिभावक अपने तन - मन और मस्तिष्क तीनों को स्वस्थ रखने में सफल रहे । साथ ही

'नाटक' की कार्यशाला का आनंद लेते हुए बच्चों ने जाना कि रंगमंच पर नाटक खेलने से पूर्व एक कलाकार को किस-किस प्रकार की तैयारियों का ध्यान रखना चाहिए ।

जैसे – वेशभूषा, रूप सज्जा, अलग-अलग प्रकार से मुकुट बनाना, प्रॉप्स आदि बनाने सीखें ।

जिसको सीख कर बच्चों में एक आत्मविश्वास दिखाई दिया कि किस प्रकार बिना किसी की सहायता लिए अकेले ही वह वेशभूषा से अपने आप को सुसज्जित करते हुए आत्मविश्वास के साथ किस प्रकार अपनी - अपनी पात्रता निभा सकते हैं।

बच्चों की सबसे प्रिय गतिविधि 'जादू का खेल' जो इस कार्यशाला का सबसे अभिन्न अंग रही । जिस में बच्चों को जादू देखने के साथ-साथ अपना जादू दिखाने का अवसर भी मिला जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया ।

प्रत्येक गतिविधि का बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भरपूर आनंद उठाया ।जिससे बच्चे और अभिभावक संतुष्ट एवं प्रसन्न दिखाई दिए।

धन्यवाद

Children learnt to make Dandiya using newspaper
students also enjoyed learning dandiya dance


Students and parents enjoying Bhaangada dance during summer vacations



,


Students also learnt
POM-Pom dance through
self made pom-poms



MSMS
Dance Drama Department
Magic Activity

Students
enjoing
seasonal fruit
during acting session